उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद, लखनऊ के सचिव श्री अरविन्द कुमार सिंह जी ने कृषि विज्ञान केन्द्र का किया निरीक्षण

उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद, लखनऊ के सचिव श्री अरविन्द कुमार सिंह जी ने दिनांक 20/02/2026 को कृषि विज्ञान कौशाम्बी का निरीक्षण किया| सर्वप्रथम केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ अजय कुमार ने उनका स्वागत किया तथा केन्द्र के सभी विषय वस्तु विशेषज्ञ एवं कर्मचारियों से परिचय किया तथा इस दौरान केन्द्र के सभी विषय वस्तु विशेषज्ञ ने अपने विषय / परियोजना से सम्बंधित गतिविधियों के बारे में सचिव श्री अरविन्द कुमार सिंह जी को विस्तार पूर्वक बताया तथा कृषक समुदाय के उत्थान हेतु आगामी कार्ययोजना के बारें में भी अवगत कराया|

इसके उपरान्त उन्होंने केन्द्र में संचालित विभिन्न इकाइयों यथा कृषक भवन, बकरी पालन इकाई, कुक्कुट पालन इकाई, बीज विधायन संयंत्र, नर्सरी यूनिट, का अवलोकन किया तथा इनके और बेहतर संचालन हेतु दिशा निर्देश भी दिए|

उन्होंने कृषि विज्ञान केन्द्र के क्राप कैफेटएरिया का अवलोकन करते हुए उसमे लगाईं गयी विभिन्न तकनीकी की विस्तृत जानकारी प्राप्त की| तत्पश्चात कृषि विज्ञान केन्द्र के प्राकृतिक खेती प्रक्षेत्र का निरिक्षण किया जिसमे उन्होंने गेंहू फसल की डीबीडब्लू-222 प्रजाति में प्राकृतिक खेती, रासायनिक खेती एवं जैविक खेती के अंतर को विशेष रूप से अवलोकन किया तथा इसके डाटा को अलग अलग रिकार्ड करने की बात कही|

उन्होंने कृषि विज्ञान केन्द्र के बीज उत्पादन प्रक्षेत्र का भी निरीक्षण किया तथा कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा बीज उत्पादन क्षेत्र में किए गए कार्यो की सराहना की| आगे उन्होंने केन्द्र द्वारा आयोजित किये जा रहे 25 दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को संबोधित किया जिसमे उन्होंने कहा कि कौशल के क्षेत्र में युवाओं की भागीदारी अहम् है| जनपद में कोई कारखाना उद्योग न होने से युवाओं पर कृषि व् उससे जुड़े हुए उद्यम हेतु कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केन्द्र की भूमिका महत्वपूर्ण है| तकनीकी पर चर्चा करते हुए अन्तः शस्यन तकनीक (मक्का + आलू) का उत्पादन साथ साथ करने की बात कही| उन्होंने कहा कि ग्रामीण युवा कृषि विज्ञान केन्द्र में प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए कृषि विभाग एवं अन्य विभागों के साथ जुड़कर योजनाओ का लाभ प्राप्त करें |

इस अवसर पर केन्द्र के सभी विषय वस्तु विशेषज्ञ, कर्मचारी, उप कृषि निदेशक एवं आस -पास के गाँव के कृषक उपस्थित रहे|

कार्यक्रम के फोटो ग्राफ

Univa 00:31:20 (w/v 00:52:34) on
& Yield of Mustard Crop
ial Year – 2025-26
Variety- Radhika
No. of Treatment – 10
- 10-11-2025
Total No. of Plot – 40
REPLICATION - III

सब मिशन आन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (SMAE/आत्मा)
योजनान्तर्गत
ग्रामीण युवाओं का कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम
वर्ष - 2025 -26
विषयः- कृषि, पशुपालन, बकरी पालन, मशरूम खेती,
फल-फूल एवं सब्जी की खेती
दिनांकः- 04-02-2026 से 28-02-2026
आयोजकः- कृषि विज्ञान केन्द्र, कौशाम्बी